देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 136 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 28 अगस्त 2020

विचार-प्रवाह...अबूझ पहेली थीं वह





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0°

38040.57

2 मोदी से 50 फीसदी चीनी नागरिक खुश

7 विराट और अनुष्का के घर नया मेहमान

## संक्षिप्त समाचार

### गैंगस्टर मुख्तार अंसारी का अवैध निर्माण एलडीए ने ढहाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। माफिया तथा गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के अवैध निर्माण तथा संपत्ति पर सरकार की नजर टेढ़ी हो गई है। वाराणसी, मऊ व गाजीपुर के बाद अब लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी के विधायक मुख्तार अंसारी की अवैध इमारतें सरकार के निशाने पर हैं। पूर्वांचल की मऊ सदर विधानसभा सीट से बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की। लखनऊ के डालीबाग इलाके में बने मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे को जमींदोज कर दिया गया। अब प्रशासन बिल्डिंग के तोड़ने का खर्चा, अब तक का किराया भी वसूलेगी। इस निर्माण के लिए जिम्मेदार रहे तत्कालीन अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### केन्द्र पोषित योजनाओं को कैन्ट बोर्ड दून में लागू करवाने की कवायद

**संवाददाता** देहरादून। रक्षा मंत्री द्वारा वेबिनार बैठक में लागू की गयी केन्द्र सरकार की पोषित योजनाओं को कैन्ट बोर्ड देहरादून में लागू करवाने के लिये आज कैन्ट बोर्ड देहरादून में मुख्य अधिशासी अधिकारी सुश्री तनु जैन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहरी विकास मंत्रालय उत्तराखण्ड द्वारा केन्द्र सरकार की दीन दयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वच्छ भारत मिशन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

### डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरविन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 13 फरियादियों द्वारा अपनी शिकायतें/समस्याएं प्रमुखता से उठाई गई। जनसुनवाई के दौरान बस ड्राईवर/कण्डक्टर संगठन द्वारा वाहन संचालन में आ रही परेशानी का मामला उठाया।

# स्टूडेंट्स चाहते हैं एग्जाम

## शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक बोले, बेवजह हो रही है राजनीति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जेईई और नीट एग्जाम को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने अहम बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कोरोना वायरस की महामारी के बीच हमारे लिए छात्रों की सुरक्षा और करियर अहम है। इन परीक्षाओं को पूर्व में दो बार स्थगित किया गया। अब अधिकांश छात्र और उनके अभिभावक चाहते हैं कि परीक्षा निर्धारित समय पर आयोजित हो। उन्होंने निशंक ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में यह भी कहा कि हम छात्रों का एकेडमिक वर्ष खराब नहीं कर सकते। उन्होंने राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर बेवजह विरोध और राजनीति नहीं करने का आग्रह किया है।

केंद्रीय मंत्री निशंक ने बताया कि 80 फीसदी स्टूडेंट JEE&NEET

■बातचीत फेल हुई तो सैन्य कार्रवाई पर विचार

परीक्षा के एडमिट कार्ड डाउनलोड कर चुके हैं। JEE के लिए 8.58 लाख में से 7.50 लाख के आसपास एडमिट कार्ड डाउनलोड हो गए हैं, इसी तरह छम्म्ड के लिए 15.97 लाख में से, 10 लाख से अधिक छात्रों ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लिया है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर मामलों में छात्रों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्रों को कई बार बदला गया है।

**परीक्षाओं के खिलाफ लामबंद है विपक्षः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी परीक्षा को टालने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि परिस्थिति सामान्य होने तक परीक्षा नहीं करवाई जानी चाहिए। उधर, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात कर राज्य में कोविड-19 और बाढ़ से उत्पन्न हालात के मद्देनजर नीट और जेईई की परीक्षाएं स्थगित करने का अनुरोध किया।

**ये चाहते हैं तय समय पर हो परीक्षाएं:** तमाम शिक्षाविदों ने परीक्षा सितंबर में कराने की मांग की है। आईआईटी दिल्ली के निदेशक द्वारा पीएम मोदी को चिट्ठी लिखे जाने के बाद अब तक करीब 150 शिक्षाविदों ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर परीक्षा तय समय पर ही करवाने की मांग की है और विरोध प्रदर्शन को राजनीतिक एजेंडा करार दिया है। गुजरात के शिक्षा मंत्री का कहना है हाल ही में हुई गुजरात संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 90 फीसदी छात्रों ने हिस्सा लिया जिससे जाहिर है कि छात्र पढ़ना चाहते हैं। केवल एक छोटा सा वर्ग इसका विरोध कर रहा है।

**देहरादून।** दून में विरोध में युवा कांग्रेस एवं परीक्षाओं के विरोध में जिला कांग्रेस द्वारा शिक्षा मंत्री के पुतले की शव यात्रा निकाली और पुतला दहन किया।

### परीक्षाओं के लिए दिशानिर्देश और एसओपी तैयार

केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा 99 प्रतिशत प्रतिशत स्टूडेंट्स को उनकी पसंद का केंद्र मिला है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इन परीक्षाओं के लिए दिशानिर्देश और SOP तैयार किया है। इसके साथ ही बेहतर समन्वय के लिए एनटीए और राज्यों के बीच लगातार बैठक हो रही है। बता दें कि बाढ़ से प्रभावित राज्यों के छात्र लंबे अरसे से परीक्षाओं की तिथि और आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, कुछ राजनीतिक दलों ने भी इसको मुद्दा बनाकर राजनीति शुरू कर दी है।



# सरकारी विभागों की तरह ही चलाए जाते थे हथियारों के कारखानेः पीएम

## डिफेंस मैन्यफैक्चरिंग में बेड़ियों को तोड़ा जाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को डिफेंस मैन्यफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर भारतश विषय पर वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि बीते कुछ सालों से हमारी कोशिश है कि डिफेंस मैन्यफैक्चरिंग में बेड़ियों को तोड़ा जाए। इस दौरान भारत में रक्षा उत्पादन से जुड़े स्टेक हॉल्डर्स भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमारा प्रयास डिफेंस मैन्यफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़ी सभी बेड़ियां तोड़ने का है। हमारा उद्देश्य है कि भारत में ही उत्पादन बढ़े, नई तकनीक भारत में ही विकसित हो, और प्राइवेट सेक्टर का इस क्षेत्र में अधिकतम विस्तार हो, इसके लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। आज यहां हो रहे मंथन से जो परिणाम मिलेंगे उससे, आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयासों को गति मिलेगी।

### आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी अपग्रेडेशन जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में 101 डिफेंस आइटम्स को पूरी तरह से घरेलू खरीद के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। इस लिस्ट को और व्यापक बनाया जाएगा, इसमें और आइटम जुड़ते जाएंगे। उन्होंने कहा, श्आधुनिक उपकरणों में आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी अपग्रेडेशन जरूरी है। जो उपकरण आज बन रहे हैं, उनका नेक्स्ट जेनरेशन तैयार करने पर काम करने की भी जरूरत है।

**अब तक था सीमित विजनः** पीएम ने कहा कि दशकों से आयुध कारखानों को सरकारी विभागों की तरह ही चलाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि एक सीमित विजन के कारण देश का नुकसान तो हुआ ही, साथ ही वहां काम करने वाले मेहनती, अनुभवी और कुशल श्रमिक वर्ग का भी बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय से देश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति पर निर्णय नहीं हो पा रहा था, ये निर्णय नए भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक है।

**सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हमारा कमिटमेंटः** वेबिनार को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को लेकर हमारा कमिटमेंट सिर्फ बातचीत या कागजों तक ही सीमित नहीं है। इसके कार्यान्वयन के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, श्सीडीएस के गठन के बाद सेना के तीनों अंगों में समन्वय बेहतर हुआ है। इससे डिफेंस उपकरणों की खरीद को स्केल-अप करने में मदद मिल रही है। आने वाले दिनों में डोमेस्टिक इंडस्ट्री के लिए ऑर्डर्स का साइज भी बढ़ने वाला है।

# नहीं निकलेगा मुहर्रम का जुलूसः सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मुहर्रम जुलूस निकालने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर जुलूस निकालने की इजाजत देंगे तो अराजकता फैलेगी। बता दें कि याचिकाकर्ता ने 5 लोगों के साथ मुहर्रम जुलूस निकालने की इजाजत मांगी थी।

**तो कोरोना के नाम पर एक समुदाय पर निशाना सधेगा-सुको** कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर हम जुलूस निकालने की इजाजत देंगे तो इससे आराजकता फैलेगी और फिर एक समुदाय विशेष को कोरोना फैलाने के नाम पर निशाना बनाया जाएगा, जो सुप्रीम कोर्ट नहीं चाहेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह ऐसा कोई आदेश नहीं देगा जिससे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप पूरे देश के लिए इजाजत मांग रहे हैं। शीर्ष अदालत ने साथ ही जगन्नाथपुरी यात्रा की इजाजत को लेकर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि जगन्नाथपुरी यात्रआ एक खास जगह पर होती है, जहां रथ एक जगह से दूसरी जगह जाता है। अगर किसी एक जगह की बात होती तो हम खतरे का आकलन कर आदेश दे सकते थे।

### याचिका खारिज

■मुहर्रम का जुलूस निकालने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

■इजाजत दी तो अराजकता फैलेगी, कोरोना काल में लोगों के स्वास्थ्य से नहीं खेला जा सकता



*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जल्द मेक फॉर वर्ल्ड हासिल करेगा भारत: रक्षामंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम बेहतर तरीके से दुनिया में योगदान देने के लिए आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। इस दिशा में 101 रक्षा वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध जैसे कुछ साहसिक नीतिगत सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि अपने सहयोगी और सहकारी प्रयासों के माध्यम से, हम न केवल मेक इन इंडिया बल्कि मेक फॉर वर्ल्ड भी हासिल करेंगे।

### स्वदेशी हथियारों से लड़कर जीतने की खुशी से बढ़कर कुछ नहीं: सीडीएस

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने कहा है कि भारत ने कोविड-19 का जिस तरह से मुकाबला किया, उससे ऐसी किसी भी अप्रत्याशित घटना को दूर करने की हमारी मजबूत क्षमता दिखाई दी है।

रावत ने कहा, हमारे पास उच्च-क्षमता वाले स्वदेशी हथियारों का उत्पादन करने की कैपिसिटी और कैपिबिलिटी है। अब समय है कि हम आत्मनिर्भर बनें और रक्षा उपकरणों के शुद्ध निर्यातक बनें। भारत में विकसित तकनीकों और उपकरणों के साथ युद्ध में जीतने से ज्यादा संतुष्टि हमें कुछ नहीं देगी।